# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–22 नवम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के सीएमएस स्कूल स्थित वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशन सेंटर में आज विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के पच्चीसवें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेद इक्यावन की भावनाओं को विश्व शांति और सुरक्षा के लिए प्रेरक बताया। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक शांति और सौहार्द की दिशा में भारत की सोच को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने सीएमएस के संस्थापक डॉ जगदीश गांधी को श्रद्धांजलि दी और कहा कि उन्हीं के प्रयासों से यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण मंच बना है। इस मौके पर हंगरी की पूर्व राष्ट्रपति, हैती रिपब्लिक के पूर्व प्रधानमंत्री, छप्पन देशों के एक सौ अठहत्तर मुख्य न्यायाधीश, डेलीगेट्स और सीएमएस के संस्थापक निदेशक डॉ भारती गांधी सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित सात सौ एक वन दरोगाओं के लखनऊ में हुए नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में आज हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े सात वर्षों में सात लाख से अधिक नौजवानों को प्रदेश सरकार में हम सरकारी नौकरी देने में सफल हुए हैं। उन्होंने भर्ती में महिलाओं के लिए बीस फीसदी के सरकार द्वारा तय किये गये लक्ष्य की याद दिलाते हुए कहा कि सात सौ एक वन दारोगाओं की नियुक्ति में एक सौ चालीस महिलाओं की भर्ती हुई है। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया संदेश में कहा कि उन्हें विश्वास है कि चयनित नौजवान राज्य के प्रति और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करेंगे।

**********

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन गोरखपुर के पंडित दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय सभागार में आज से शुरू हो गया। परिषद के निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने अधिवेशन के पहले दिन संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष पूरे देश में पचपन लाख बारह हजार चार सौ सत्तर सदस्यता हुई है। उन्होंने कहा कि परिषद ने शैक्षणिक संस्थानों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है । साथ ही देश के शैक्षणिक संस्थानों में महिलाओं के लिए सुरक्षा तथा महिला सशक्तिकरण के पक्ष में आवाज उठाने और महिलाओं को नेतृत्व देने की दिशा में भी परिषद ने उल्लेखनीय प्रयास किये हैं।

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर बीस नवम्बर को हुए उपचुनाव के वोटें की गिनती कल की जाएगी। इसके लिए मतगणना स्थलों पर आज शाम तक तैयारियां पूरी कर ली गईं है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के अम्बेडकरनगर के कटेहरी विधानसभा उपचुनाव की मतगणना के लिए सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

**********

कुशीनगर जिले में बांग्लादेश से आये साठ सदस्यीय बौद्ध भिक्षुओं के एक दल ने भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली पर कल शोभायात्रा निकाली। इसके बाद उन्होंने महापरिनिर्वाण मंदिर में भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर चीवर चढ़ाकर विशेष पूजा अर्चना की। इस दौरान भारत बांग्लादेश के बीच मैत्रीपूर्ण सम्बन्धो को और मजबूत बनाने के लिए विशेष प्रार्थना भी की गई।

**********

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा है कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक पारिवारिक मनोरंजन का प्रसार करना प्रसार भारती का कर्तव्य है। प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स के संबंध में आज मीडिया से बातचीत में श्री सहगल ने बताया कि इस मंच से दूरदर्शन के अभिलेखागार वाले सभी कालजयी कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने बताया कि इस ओटीटी से लगभग बारह भाषाओं में कार्यक्रम प्रस्तुत होगा। इसमें सभी बोलियों में कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाने की भी योजना है।

**********

नई दिल्ली के भारत मंडपम में पच्चीस नवम्बर से अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन दो हजार चौबीस की शुरूआत होगी। इस सम्मेलन को लेकर देश और प्रदेश के प्रतिभागियों में उत्साह का माहौल है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वीडियो संदेश के जरिये प्रतिभागी अपने उत्साह को व्यक्त कर रहे हैं।

**********

औरैया जिले में सहायल थाना क्षेत्र में गंगा बाबा मोड़ के समीप एक अनियंत्रित कार आज सुबह शीशम के पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई । दुर्घटना में घायल परिवार के अन्य सदस्यों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह सभी लोग एक विवाह समारोह में शामिल होने ग्वालियर जा रहे थे।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में अगले एक सप्ताह तक मौसम के शुष्क रहने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार इस अवधि के दौरान प्रदेश में कुछ स्थानों पर सुबह के समय हल्के से लेकर मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है।

**********

पूर्व रक्षा मंत्री और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की जयंती पर मऊ जिले में विभिन्न आयोजन कर के पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उनकी जयंती पर एक सोशल मीडिया संदेश के जरिये श्रद्धांजलि दी है।

**********